तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

13 राजिम के त्रिवेणी संगम में कूदकर नहा रहे बच्चे...



14 लोहरसी पंचायत में मना सुशासन तिहार





## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चारभांठा में जमीन में रास्ता मांगने को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्र के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम चारभांठा के भीखम निराला पिता धरमदास निराला (62 साल) ने पुलिस को बताया कि 05 मई की रात 8 उसके रिश्तेदार (भतीजा) पुनऊ निराला, नरेंद्र निराला एवं विकास निराला उसके घर आए और मेरे हक की जमीन में आने-जाने का रास्ता मांगते हुए तीनों ने पहले उसके पुत्र हेमंत निराला के साथ गाली गलौज कर डंडे से मारपीट की, प्रार्थी ने बताया कि जब वह छुड़ाने गया तब उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट करने वाले 4 लोगों पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बिछिया में एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने मारपीट कर दी। ग्राम बिछिया के संतकुमार बंजारा की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिछिया के संत कुमार बंजारा ने बताया कि 04 मई की रात 10 बजे मेरे उसके पिता मोहित बंजारा के साथ विवाद के संबंध में गांव में मीटिंग रखा गया था। मीटिंग गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। मीटिंग समाप्त होने के बाद पुरानी रंजिश को लेकर आरोपीगण राकेश बंजारा, राहुल बंजारा, सियाराम बंजारा, खीरसागर बंजारा ने एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी संतोषी बंजारा के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको श्रवण साहू वार्ड नंबर 09 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया कि 7 मई को दोपहर करीब 2 बजे घर के बाहर गाली गलौज कर रहे संतोष यादव उर्फ बउ और प्रेम चौहान को उसने गालियां देने से मना किया। इस पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मादा नील गाय अवैध शिकार प्रकरण में तीन आरोपियों ने किया समर्पण

**महासमुंद।** शासन के मंशानुरूप अवैध शिकार के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की दिशा में वन विभाग निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में 7 मई 2026 को वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत परिवृत्त पूर्व पिथौरा के परिसर सुखीपाली में कक्ष क्रमांक 234 के समीप शांतिनगर (सुखीपाली) में दिनांक 04 मई को हुए वन्यप्राणी मादा नीलगाय अवैध शिकार के प्रकरण में ग्राम शांतिनगर सुखीपाली निवासी फरार मुख्य आरोपी ईश्वर राणा वल्द मनीराम राणा जाति कुम्हार, टंकधर वल्द सीताराम जाति सतनामी एवं विद्याधर वल्द ललित प्रधान उम्र 50 वर्ष द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय पिथौरा में आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण उपरांत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर घटना के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# कुंडेल में गहराया जल संकट, नल-जल योजना ठप, ठेकेदार की लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

निकटवर्ती ग्राम पंचायत कुण्डेल में गर्मी के बीच पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। गांव के लगभग 120 घरों की आबादी पानी की गंभीर समस्या से जूझ रही है। यहां पेयजल का मुख्य स्रोत घर-घर नल जल योजना और हैंडपंप हैं, लेकिन दोनों ही व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। इसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। वर्तमान में पूरी बस्ती एक निजी ट्यूबवेल पर निर्भर है, जिससे लोगों के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में जल स्तर लगातार नीचे जाने से हैंडपंप और बोरवेल सूख चुके हैं। ग्रीष्म ऋतु की भीषण तपन के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है। गांव में पीने के पानी की कमी से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है। पानी के लिए उन्हें तलास में निजी घरो के ट्युबवेल वाले घर चक्कर मार रहे हैं।, जिससे दैनिक जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है।गज्जू सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत कुंडेल, यादराम सिन्हा पंच प्रतिनिधि वार्ड नंबर 04, रमेश कुमार सिन्हा, शारदा सिन्हा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खाली बर्तन लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन



### ग्रामीणों का आरोप कार्य अब भी अधूरा

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार, टंकी निर्माण और जल शुद्धिकरण मशीन का कार्य अब भी अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार से कार्य पूरा करने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन बजट नहीं मिलने का हवाला देकर काम करने से इंकार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अधूरी नल-जल योजना को पूर्ण कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

## समस्या : चार माह पहले लगाए गए पोल में एक दिन जली बिजली

# वीआईपी दौरे में चमकी स्ट्रीट लाइट, कार्यक्रम खत्म होते ही फिर अंधेरे में डूबा बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

■ उपमुख्यमंत्री को दिखाया गया दिखावटी विकास

नगर पंचायत में मुख्य बस स्टैंड मार्ग पर चार माह पूर्व लगाए गए पोल की स्ट्रीट लाइट उप मुख्यमंत्री के दौरे तक बंद पड़ी रही, लेकिन वी आई पी कार्यक्रम से ठीक पहले अचानक पूरी सड़क दूधिया रोशनी से जगमगा उठी। वहीं कार्यक्रम समाप्त होते ही अगले दिन फिर बस स्टैंड अंधेरे में डूब गया। लाइट बंद कर दिए जाने से नगरवासियों में नाराजगी बढ़ गई है। नगर पंचायत में विकास कार्यों को लेकर प्रशासन की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। चर्चाओं के अनुसार सीएमओ श्यामलाल वर्मा महज दिखावे के लिए एक दिन के लिए एक्टिव नजर आए। साफ सफाई मरम्मत कार्य के अलावा नगर के बस स्टैंड में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट कोजलवाने की कवायद करते नजर आए। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान बस स्टैंड मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। खंभे लगने के बाद से अब तक बिजली कनेक्शन चालू नहीं किया गया था, जिससे रात के समय पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था। स्थानीय लोग लगातार रोशनी व्यवस्था शुरू करने की मांग कर रहे थे, लेकिन नगर पंचायत की ओर से कोई पहल नहीं की गई। इसी बीच 3 मई को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के कोपरा आगमन का कार्यक्रम तय हुआ। उप मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नगर पंचायत प्रशासन अचानक सक्रिय हो गया। नगर में साफ-सफाई, रंगरोगन और अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने की कवायद शुरू हुई। इसी दौरान बस स्टैंड मार्ग की महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट भी एक दिन पहले चालू कर दी गई। चार माह से बंद पड़ी लाइटों के अचानक जल उठने से नगरवासी भी हैरान रह गए। लोगों को लगा कि अब स्थायी रूप से बस स्टैंड क्षेत्र रोशन रहेगा। लेकिन उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के अगले ही दिन स्ट्रीट लाइट फिर बंद हो गई और पूरा क्षेत्र दोबारा अंधेरे में डूब गया।



### उपमुख्यमंत्री को दिखाया दिखावटी विकास

इस घटनाक्रम के बाद नगरवासियों ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि यदि व्यवस्था पहले से तैयार थी तो चार महीने तक स्ट्रीट लाइट बंद क्यों रखी गई। वहीं कई लोगों ने इसे केवल वीआईपी दौरे तक सीमित "दिखावटी विकास" करार दिया है। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव कोपरा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत द्वारा विशेष तैयारी की गई थी, लेकिन कार्यक्रम समाप्त होते ही व्यवस्थाओं के पुराने हालात लौट आने से स्थानीय लोगों में असंतोष दिखाई दे रहा है।

# धनेंद्र साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा गौण खनिज मद के आबंटन में जनपद अध्यक्ष के द्वारा पूर्व से तैयार किया गया प्रस्ताव को बिना चर्चा कराए, सदस्यों की अनुमति लिए अपने हितैषी सदस्यों के ग्राम में आबंटित राशि का वाचन करवा दिया गया। जबकि अन्य 12 जनपद सदस्यों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया। नियम के विरुद्ध जो गांव गौण खनिज से प्रभावित नहीं है वहां ज्यादा राशि और जो गौण खनिज से प्रभावित है वहां कम राशि का आवंटन जानबूझकर किया गया। जनपद अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पक्षपातपूर्ण कार्यशैली के विरोध में 12 जनपद सदस्य एकजुट होकर अपनी शिकायत लेकर, पहुंचे और आग्रह किया कि नियम के विरुद्ध आवंटित सभी राशि को निरस्त कर, नियम के तहत आवंटित करने निर्देश दिया जाए। मुलाकात के दौरान जनपद सदस्य रेणु बंजारे, रमेश्वर निषाद, मेनका पटेल, धनेश्वरी डाण्डे, संजीवगिरी गोस्वामी, तनु साहू, सविता साहू, चित्ररेखा तारक, कुंती साहू, सारिका साहू के अलावा प्रतिनिधि के रूप में दिलीप बंजारे, गोवर्धन साहू, ताराचंद साहू, संजय पटेल ,दीपक तारक शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि योजनाओं के चयन एवं ▶▶|शेष पेज 12 पर

# साहू समाज ने विधवा माताओं का किया सम्मान और दिया समान अधिकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

■ सामाजिक सुधार और समानता की दिशा में प्रेरणादायक कदम

क्षेत्र के ग्राम देवरी में साहू समाज ने सामाजिक सुधार और समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक कदम उठाया है। वर्षों से चली आ रही रूढ़िवादी परंपराओं को पीछे छोड़ते हुए समाज ने विधवा माताओं और बहनों को अब मांगलिक एवं धार्मिक कार्यों में पूर्ण सम्मान और सहभागिता का अधिकार प्रदान किया है। समाज के इस निर्णय की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। इसी क्रम में एक भावुक और ऐतिहासिक पल तब देखने को मिला, जब रेखन साहू और टेमेशवरी साहू के भाभी लता साहू ने अपने पुत्र के विवाह समारोह में पारंपरिक "मौर सौंपने" की रस्म निभाई। समाज में पहली बार इस प्रकार की पहल को महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक ▶▶|शेष पेज 12 पर

# फूलबासन के अपहरण की खबर से प्रदेश में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पद्मश्री सम्मान से सम्मानित समाजसेवी फूलबासन यादव के अपहरण की खबर के बाद क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल देखने को मिला। घटना की जानकारी मिलते ही सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव तथा खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव उनके निवास पहुंचे और उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

मुलाकात के दौरान सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश में यदि पद्मश्री से सम्मानित महिला सुरक्षित नहीं है, तो आम महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार और प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। समाज ऐसी घटनाओं को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करता है। वहीं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान समय में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल कागजों में सुरक्षा व्यवस्था का दावा कर रही है, जबकि धरातल पर स्थिति बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि एक पद्मश्री सम्मानित महिला के घर तक पहुंचकर अपहरण का प्रयास होना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। ऐसी घटनाएं समाज में भय का वातावरण पैदा करती हैं और सरकार की विफलता को उजागर करती हैं।

चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं बल्कि पूरे समाज के सम्मान पर आघात है। उन्होंने कहा कि यादव समाज इस मामले को प्रशासन एवं शासन के समक्ष मजबूती से रखेगा और फूलबासन यादव की सुरक्षा के साथ-साथ आवश्यक सुविधाओं की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि समाज हर स्तर पर उनके साथ खड़ा है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस अवसर पर यादव समाज के अनेक पदाधिकारी, ▶▶|शेष पेज 12 पर



दिग्गज नेताओं ने घर पहुंचकर जाना हालचाल

## सूखे तालाब में बोरवेल से भरा जा रहा पानी, ग्रामीणों में हर्ष

# पंचायत और मंदिर समिति ने सूखे तालाब को दिया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भीषण गर्मी और गहराते जल संकट के बीच ग्राम पंचायत मोंगरा ने इच्छाशक्ति की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। गांव के 'नये तालाब' में, जो पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा था, अब बोरवेल के जरिए जलधारा प्रवाहित की जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों और मंदिर समिति के इस साझा प्रयास ने मरते हुए तालाब को नया जीवन दान दिया है।

गांव में पानी की किल्लत को देखते हुए सरपंच मनीराम नांगवशी और ग्राम सचिव द्वारिकासेन ने एक ठोस योजना तैयार की। इस मुहिम को गति देने में उपसरपंच पीलम राम नेताम और बंजारा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र नायक का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



तालाब के संरक्षण के लिए शिव शक्ति मंदिर समिति ने भी कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। समिति के अध्यक्ष रूप सिंह नायक और सचिव लखनलाल कुम्हार के नेतृत्व में सदस्यों ने इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया। सूखे तालाब में उतरी गंगा नवनिर्मित तालाब पूरी तरह सूख चुका था, जिससे मवेशियों और निस्तारी के लिए भारी समस्या खड़ी हो गई थी। पंचायत ने त्वरित निर्णय लेते हुए तालाब के किनारे पूर्व में खनन किए गए बोरवेल का उपयोग किया। सफलता का सूत्रः बोरवेल में सबमर्सिबल पंप डालकर पाइपलाइन के जरिए सीधे तालाब में पानी छोड़ना शुरू किया गया।

सहयोगः इस कार्य में वार्ड क्रमांक 5 के पंच उप सिंह साहू समेत मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य भागीरथी नायक, घनश्याम नायक, डोमार सिंह नेताम और दिनुराम नायक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।जब इरादे नेक हों, तो रास्ते अपने आप बन जाते हैं। तालाब में पानी भरने से न केवल जलस्तर सुधरेगा, बल्कि मूक पशुओं की प्यास भी बुझेगी। मनीराम नांगवशी (सरपंच) ग्रामीणों में उत्साह का माहौल जैसे ही बोरवेल से पानी की धार सूखे तालाब की जमीन पर पड़ी, वहां मौजूद ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत और मंदिर समिति के इस तालमेल ने गांव को एक बड़ी मुसीबत से उबार लिया है। इस जल संवर्धन कार्य की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

# अमलीपदर में कोऑपरेटिव बैंक शाखा खोलने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अमिनेश कश्यप के गरियाबंद प्रवास के दौरान भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के नेता मुरलीधर सिन्हा ने गरियाबंद विकासखंड के ग्राम नागाबुड़ा तथा मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में कोऑपरेटिव बैंक की नई शाखाएं खोलने की मांग की। मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि जिले में सहकारी समितियों एवं किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके चलते मौजूदा बैंक शाखाओं में ग्राहकों की अत्यधिक भीड़ हो रही है, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। उन्होंने बताया कि बैंक परिसरों में यातायात और आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में ▶▶|शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

## भाजपा अजा मोर्चा देवभोग मंडल में गजानंद को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मैनपुर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा देवभोग मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही क्षेत्र के सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसी क्रम में ग्राम गिरसूल निवासी गजानंद कश्यप को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा देवभोग



मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर सामने आते ही क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और समाज के लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। गजानंद कश्यप लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी और सामाजिक गतिविधियों से जुडे हुए हैं। वे लगातार संगठन के कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों तथा समाजहित के कार्यो् में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और मेहनत को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल गठन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में युवाओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। गजानंद कश्यप जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलने से पार्टी को गांव–गांव तक मजबूती मिलेगी और संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी।

## तूफान से बिगड़ी बिजली व्यवस्था, रातभर परेशान रहे ग्रामीण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** इन दिनों अंचल में लगातार तूफान के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शाम होते ही कई गांवों में बिजली व्यवस्था चरमरा रही है। रात्रि के समय बार-बार बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम मड़ेली के खाल्हे पारा मोहल्ले में पूरी रात बिजली की आंख-मिचौली चलती रही। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर के पास लगातार स्पार्किंग हो रही है तथा कई स्थानों पर लूज तार कनेक्शन के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। आंधी-तूफान के दौरान यह समस्या और बढ़ जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा समय रहते सुधार कार्य नहीं किए जाने से आए दिन ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। बरसात पूर्व एवं गर्मी के मौसम में आंधी-तूफान से पहले बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और ढीले तारों की जांच कर आवश्यक सुधार कार्य किए जाने की जरूरत है।

बिजली बंद रहने से रात के अंधेरे में सांप, बिच्छू एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। वहीं भीषण गर्मी के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द सुधार कार्य कर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अवैध रेत खनन पर कांग्रेस आरोप- भाजपा सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरंग एवं अभनपुर क्षेत्र में जारी अवैध रेत खनन और भंडारण को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, सेंट्रल माइनिंग टीम द्वारा चिखली, कुरुद, हरदीडीह सहित कई रेत खदानों में अचानक दबिश दी गई। इसमें 12 चेन माउंटेन मशीनों को जब्त कर सील किया गया। समोदा, चिखली, कुरुद क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रेत स्टॉक का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान क्षमता से अधिक रेत भंडारण, नियमों की खुली अवहेलना और अवैध खनन के गंभीर मामले सामने आए, जिसके चलते संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा, यह कार्रवाई केवल दिखावा एवं खानापूर्ति है। हकीकत यह है कि रायपुर जिले के आरंग-अभनपुर क्षेत्र में लंबे समय से संगठित तरीके से अवैध रेत खनन और भंडारण का काला खेल चल रहा है।

# दोपहर में तेज धूप, शाम को तूफान और बारिश, किसान हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र में मंगलवार से बुधवार की शाम अचानक बदले मौसम ने लोगों को हैरान कर दिया। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं और बारिश ने जहां आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह मौसम आफत बनकर टूट पड़ा। तेज हवाओं के चलते खेतों में तैयार खड़ी फसल झुक गई और कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर धान की तैयारी की थी और अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन अचानक आए इस मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवा और बारिश से जमीन पूरी तरह गीली हो गई है, जिससे फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र देवरी, जेंजरा, सुरसाबांधा, तर्रा, मुड़तरई, कपसीडीह, कौदकेरा, भैसातरा, बहेरापाल, तरीघाट, सहसपुर, लोहरसी, भेंडरी, धुरसा में कई किसानों के चेहरे पर चिंता साफ दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह बना रहा तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौसम के बदले मिजाज ने एक ओर लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी, लेकिन दूसरी ओर अन्नदाता किसानों को चिंता में डाल दिया है। इधर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

### बदलते मौसम से लोगों की सेहत पर संकट




**मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी**

दोपहर के समय तेज गर्मी और उमस से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शाम होते ही अचानक मौसम का रुख बदल जाता है और तेज हवा व हल्की बारिश का दौर शुरू हो जाता है। मौसम के इस लगातार उतार-चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है। खासकर छोटे बच्चे और बुजुर्ग सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टरों का कहना है कि तेज गर्मी और अचानक ठंडे मौसम के कारण शरीर का तापमान संतुलित नहीं रह पाता, जिससे लोग जल्दी बीमार पड़ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और मौसम के अनुसार सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम के बदलते तेवर ने एक ओर लोगों की दिनचर्या प्रभावित की है, वहीं किसानों और आमजन की चिंता भी बढ़ा दी है।

### सुशासन तिहार : परसुली समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

# आवेदनों का मौके पर निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा




शासन के निर्देशनुसार आयोजित सुशासन तिहार 2026 समाधान शिविर बागबाहरा विखं के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत परसुली के बुढ़ादेव हाई स्कूल परिसर में भीषण गर्मी के बीच सुशासन तिहार समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जिसमें मुख्य रूप सड़क पानी अर्थिक बुनियादि सुविधा से जुड़ी शिकायते हावी रही।

शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, इस क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल, सभापति लता कुम्हार स्थानीय सरपंच जलसिंह चक्रधारी, सरपंच प्रभा पटेल सरपंच खिलेश्वरी सिन्हा, सरपंच लीलाबाई दीवान, सरपंच कौशिल्या पटेल, सरपंच पूर्णिमा सोनवानी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सर्वप्रथम छग महतारी व विद्या के देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। इसके बाद समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ रोली चंदन से किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्टॉलो का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली गई। ठाकुर ने ग्रामीणो की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस शिविर मे कुल 19 पंचायतों परसुली, खट्टी आदि गांवों के नागरिक शामिल हुए। इस शिविर में जनमानस को विभाग के अधिकारियों ने पारी पारी से जानकारी दी। सम्मान निधि की रशि पात्र किसानों को नही मिलना ज्यादा तर शिकायतें किसानों ने बताया की उनके बैक खाते में कापी समय से किस्त की राशी नही पहुंच रही है उन्हे खेती किसानी व अन्य कार्यो मे आर्थिक तंगी का सामना करना बताया। कृषि विभाग के अधिकारी ने किसानों को जानकारी देते कहा कि पात्र किसानों एग्रीटेक पंजीयन कराना अनिवार्य बताया तभी खाते मे राशि आने की बात कही गई। बुजुर्गों और विधवा महिलाओं ने अपनी पेंशन न मिलने की समस्या प्रमुखता से उठाई।

# सहायक आयुक्त की कार को पिकअप ने मारी टक्कर

### बाल बाल बचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के विकासखंड मैनपुर के अमलीपदार नवापारा में आज ग्राम सुराज अभियान में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था इस शिविर में शामिल होने के लिए आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल अपनी कार से जा रहे थे कि रायपुर- देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में तौरंगा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर से कार के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए हालांकि उसमें वार सहायक आयुक्त और विभाग के अन्य अधिकारी- कर्मचारी को कोई गंभीर चोट नहीं लगी है। घटना सुबह 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

मैनपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर तौरेंगा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जन समस्या निवारण शिविर में जा रहे सहायक आयुक्त गरियाबंद की कार को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक ओडी08 एए0113 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अफसर का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, पर सभी सुरक्षित हैं। उक्त पिकअप वाहन ओडिशा से सब्जी लाने-ले जाने का कार्य करता है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामले की जानकारी संबंधित विभाग और पुलिस को दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों और तेज रफ्तार पिकअप के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। इस मार्ग में आए दिन और दुर्घटना आम बात हो गई है।

**वाहन ने टक्कर मारी, पर सुरक्षितः पटेल-** सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल ने हरिभूमि को बताया ग्राम सुराज अभियान के तहत जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर में शामिल होने के लिए जा रहे थे तेज रफ्तार पिकअप ने उनके कर को सामने से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया, इस घटना में सभी सुरक्षित हैं, सिर्फ कर के सामने हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

# आईटीआई में जिला स्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस मना





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

जिला रेडक्रॉस अधिकारी एवं राज्य प्रतिनिधि रोमन साहू के नेतृत्व में जिला स्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय के सहयोग से आई टी आई संस्थान फिंगेश्वर में मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रेडक्रॉस ध्वजारोहण ध्वज गीत के साथ किया गया। बताया गया कि विश्व स्तरीय संस्थापक हेनरी डूनॉट के जन्मदिन पर विश्व रेडक्रास दिवस के रूप में पूरे भारत सहित विश्व में मनाया जाता है। हेनरी डूनॉट मानवता की सेवा के लिए इस विश्व स्तरीय सोसायटी की स्थापना 1863 में की थी, उन्होंने युद्ध में घायल सैनिक, प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित एवं दुखी मानव के लिए मानवीय संवेदना का कार्य हर व्यक्ति में करने के लिए प्रेरित किया और आज यह सोसायटी विश्व के 186 देशों में कार्य कर रही है। 1920 में पार्लियामेंट एक्ट के तहत भारत में भी रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना की गई। इसकी दो शाखाएं यूथ रेड क्रॉस जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के कॉलेज के विद्यार्थी आते हैं और जूनियर रेड क्रॉस इसके अंतर्गत 9वी से 12वीं कक्षा तक 18 वर्ष के नीचे के विद्यार्थी आते है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गरियाबंद के चेयरमेन मधुबाला रात्रे एवं वाइस चेयरमैन पुष्पा जगन्नाथ साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता कीं वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रास प्रबंध समिति के सदस्य बैशाखू राम साहू,देवकी साहू,आजीवन सदस्य ओंकार साहू,महिला नेत्री मधु नथानी,शासकीय फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.समीक्षा चंद्राकर,आई टी आई प्राचार्य हेमंत शर्मा,जगन्नाथ साहू, डॉ.टी.एस. सोनवानी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गोहरापदर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मधुबाला रात्रे ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस मानवता,सेवा और करुणा का प्रतीक है।रेडक्रॉस संस्था बिना किसी भेदभाव के पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करती है। आपदा, दुर्घटना, बीमारी अथवा संकट की घड़ी में रेडक्रॉस के स्वयंसेवक मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वाइस चेयरमैन पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कहा कि रेडक्रॉस दिवस हमें दूसरों के दुख को समझने और सहायता के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, गीत प्रहसन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वॉलिंटियरों को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.देवादास बंजारे प्राध्यापक ने किया। कार्यक्रम में डॉ मनीषा भोई, सोमेश्वर ठाकुर सहायक जिला रेडक्रास अधिकारी,डॉ विपिन लहरे,डॉ धनगर,योगानंद चक्रधारी,रितेश गोलछा पटेल सर, चौतन्य यदु,जे.पी.गायकवाड,गिरवर यादव,पूरन लाल साहू,दीप कुमार बांधे, उत्तम कंसारी,शैलजा शिंदे,लीना साहू,कमलेश साहू के साथ साथ नर्सिंग कालेज गरियाबंद,शास.महा.राजिम, गोहरा पदर, हायर सेकंडरी बासीन, परसदा कला, रावड,कौदकेरा शासकीय महाविद्यालय फणीश्वरनाथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में रथ पहुंचा गांवों में

**मैनपुर।** प्रदेश में 5 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा गांव – गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक ड्रोन, संतुलित खाद, जैविक खेती और फसल बीमा जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि किसानों की आय और कृषि उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में कृषि विभाग का रथ गांव –गांव पहुंचकर चौपाल लगाकर बकायदा किसानों को इसकी जानकारी दे रही है। ग्राम जिड़ार, बोईरगांव, गोबरा, दबनई जैसे दुरस्थ वनांचलों में कृषि विभाग की टीम पहुंचकर आज जानकारी दी। शासन के कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं कृषि अनुसंधान तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत खरीफ पूर्व राज्यव्यापी अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत मैनपुर ब्लॉक में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों तथा उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए दलों का गठन किया गया है। मैनपुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जी के ठाकुर ने बताया 5 मई से 20 मई तक कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है किसानों को विभिन्न जानकारी दी जा रही है।

### विधायक ने चौपाल लगाकर ग्रामीणो की सुनी समस्याएं

# सुशासन तिहार ढकोसला साबित हो रहा: विधायक जनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने अपने नहानबिरी स्थित पैरी सदन मे सुबह से क्षेत्रभर से पहुंचे ग्रामीणो से मुलाकात कर समस्याएं सुनकर समाधान किया। इस दौरान कई ग्रामीणो के पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मजदूरी, हैंडपंप खनन जैसे कार्यो का तत्काल मौके पर समाधान किया।

मिडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस विधायक श्री ध्रुव ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकारद्वारा मनाये जा रहे सुशासन त्यौहार से जनता ने दूरी बना ली है। उन्होंने कहा कि सरकार के सुशासन तिहार पर जनता को भरोसा नहीं है। इसीलिए लोग अपनी समस्याओं को लेकर सरकार के कार्यक्रमों में आना नहीं चाह रहे हैं। पिछली बार सुशासन त्यौहार में लोगों ने जो आवेदन दिया था, उसका निराकरण नहीं हुआ। जनता के आवेदनों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया था। जनता का सरकार पर से भरोसा उठ गया है जो सुशासन त्यौहार पर में साफ दिख रहा है। भाजपा सरकार का सुशासन त्यौहार ढकोसला साबित हो रहा है। आज जनता छोटे –छोटे कार्य के लिए भटक रही है। कोई कार्य सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है।

**मजदूरों को नहीं मिल रहा हक, सभी भटक रहे-** विधायक ने कहा, महतारी वंदन योजना के लिए भीषण गर्मी में केवाईसी करवाने माता और बहनों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। मनरेगा की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। एक तरफ भाजपा सुशासन की बात करती है। दूसरी तरफ पसीना बहाने वाले मजदूरों को उनके हक का पैसा नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। बुजुर्ग पेंशन के रूकने और समय पर नहीं मिलने के कारण बेहद परेशान है, लेकिन इससे भाजपा सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

**इनकी रही मौजूदगी-** इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, सोहन नागेश, डोमार साहू, लिकेश यादव, प्रियंका कपिल, नीरा कपिल, टिकम कपिल, दुलेन्द्र नेगी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### पेज 11 के शेष...

**कुंडेल में गहराया ...**

मितानिन, चैन बाई सिन्हा, रेखा सिन्हा, सुरेश सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, खिलेश्वर सिन्हा समस्या से नाराज महिलाओं ने सूखे हैंडपंप के पास खाली बर्तन लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि सरकार सुशासन की बात करती है, लेकिन गांव में नल-जल योजना का अधूरा कार्य अब तक पूरा नहीं कराया जा सका है। पाइप लाइन जगह जगह टुट फुट एंव लिकेज है। जल जीवन मिशन के तहत ठेकादार बोर खनन किये तीन महिना हो गया है पर अब मोटर पम्प नहीं डाला गया जिसमें जल आपूर्ति नहीं हो रहा है। यहां ठेकादार की घोर लापरवाही हो रही है। इन ग्रामीणों और पंचायत ने ऐसे ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट में रखने की मांग कर रहे हैं।

**धनेंद्र साहू के नेतृत्व...**

राशि आवंटन में पारदर्शिता का अभाव है तथा नियमों की अनदेखी कर पक्षपात किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**साहू समाज ने विधवा...**

समानता का प्रतीक माना जा रहा है। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जिला साहू संघ के नव-निर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण साहू ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि समाज अब पुरानी कुरीतियों को समाप्त कर नई सोच और सकारात्मक बदलाव की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश साहू संघ की नियमावली के अनुसार विधवा माताओं-बहनों को अब परिवार और समाज के सभी धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होने की पूर्ण स्वतंत्रता रहेगी। इसके साथ ही समाज ने तालाब में चूड़ी उतारने जैसी पीड़ादायक परंपराओं को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। अब सभी रस्में घर पर ही बुजुर्ग महिलाओं की उपस्थिति में सम्मानपूर्वक संपन्न होंगी।

साहू समाज का यह निर्णय केवल एक सामाजिक बदलाव नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और आत्मसम्मान की दिशा में बड़ा संदेश माना जा रहा है। समाज के इस प्रगतिशील कदम को अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**फूलबासन के अपहरण...**

समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में घटना की निंदा करते हुए प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की मांग की।

**अमलीपदर में ...**

किसानों और आम उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए नई शाखाओं का संचालन आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद विकासखंड के नागाबुड़ा एवं मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। नई शाखा खुलने से क्षेत्र के किसानों, स्व-सहायता समूहों और सहकारी समितियों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख, धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, भाजपा आईटी रायपुर संभाग प्रभारी सागर मयानी, जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिन्दु सिन्हा, मंडल महामंत्री मंजरी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप



### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष का राजिम में स्वागत

**राजिम।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अनिमेष कश्यप का राजिम में भव्य स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में गरियाबंद जिला समिति संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ,पोखरा अध्यक्ष ललित साहू ,जेंजरा अध्यक्ष महेश साहू ,अरंड अध्यक्ष लीकम साहू ,लोहरसी अध्यक्ष धनीराम साहू ,कोमा अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू शामिल थे। इस अवसर पर श्री सोनकर ने केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सिन्हा को सुखत के बारे में बताया। साथ ही समय में खरीफ फसल हेतु आवश्यक खाद एवं बीज के लिए शीघ्र भंडारण किए जाने की बात रखी। श्री सिन्हा ने उपस्थित समति के पदाधिकारियो से कहा कि वे इस संबंध में विभाग के मंत्री एवं संबंधित अफसरो से चर्चा कर हल निकालेंगे। महाअध्यक्ष श्री सोनकर ने कहा कि आपके नेतृत्व में गरियाबंद जिला से एक प्रतिनिधिमंडल के रूप में हम लोग भी मंत्री एवं अफसरो से मुलाकात के लिए जाएंगे।

### बारिश और आंधी तूफान के बाद रातभर ब्लैक आउट

**नर्रा।** क्षेत्र में बेमौसम बारिश और अंधड़ के कारण बुधवार रात में बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार सुबह क्षेत्र के गांवों में पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। हैड पंपों से पानी भरने ग्रामीणों की भीड़ देखी गई। विद्युत लाइन फाल्ट को दुरुस्त करने में घंटों लगे। शाम करीब पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। रात और दिन में घंटों बिजली बंद रहने से लोग भीषण गर्मी से बेहाल रहे।

### पुरी में पाइपलाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन

**पुरी।** जनपद सदस्य नम्रता पालनहार दिली ने ग्राम पंचायत पुरी में पाइपलाइन विस्तार कार्य की मांग जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू से की थी। विकासकार्य का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य नम्रता दिली, सरपंच पुरी कुंती देवदास, पूर्व जिला अध्यक्ष बालराम साहू, पूर्व सरपंच चिरौंजीलाल साहू, उपसरपंच फत्तेलाल नेताम, सचिव गिरवर साहू, नोकेश कुमार साहू पंच, रामबाई धीमर पंच, निहारिका रोजगार सहायक, सितेश्वरी साहू पूर्व सरपंच, मदन साहू, तोरण पटेल, सोहद्रा निर्मलकर, सुरुचि बाई साहू, नारायण, फागू, पूरन देवदास मौजूद थे।

### कोंडापार स्कूल का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल कोंडापार में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा। परीक्षा में 49 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 23 छात्र प्रथम व 20 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुमकुम साहू 89.83 प्रतिशत, योगिता साहू 88 प्रतिशत, हिमेश बंजारे 86.83 प्रतिशत, संजना साहू 86 प्रतिशत, तारिणी 82 प्रतिशत, श्वेता 81.33 प्रतिशत, दामिनी 78.33 प्रतिशत, चेतना ने 76.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य श्रीमती गौरीकान्ता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष तुकाराम यादव, सांसद प्रतिनिधि रामलाल साहू, कोंडापार सरपंच भीम साहू, खुरसेंगा सरपंच हरिशंकर साहू, पवन नवंरगे, व्याख्यातागण मनीषा शर्मा, कंचन शुक्ला, डॉ आशा पांडे, सुधा बैस, रश्मि सिंह, सविता सोनी ने हर्ष जताया है।

### भाजपा सरकार में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री पर 50 प्रतिशत की छूट

# प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र ने जताया मुख्यमंत्री साय और वित्त मंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुरसाबांधा

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में सुशासन, संवेदनशीलता और जनकल्याण की नई परंपरा लगातार मजबूत होती जा रही है। प्रदेश की माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त, सम्मानित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लिया गया ऐतिहासिक निर्णय आज पूरे प्रदेश में खुशी और गर्व का विषय बना हुआ है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट के दौरान की गई महत्वपूर्ण घोषणा को अब आधिकारिक रूप से लागू कर प्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार जो कहती है, उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ जमीन पर उतारने का कार्य भी करती है। प्रदेश के माताओं-बहनों के नाम पर संपत्ति की रजिस्ट्री होने पर पंजीयन शुल्क में 50% छूट के इस ऐतिहासिक फैसले पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो छत्तीसगढ़ एवं मन की बात जिला प्रभारी गरियाबंद वीरेन्द्र साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि प्रदेश की मातृशक्ति के सम्मान, विश्वास और अधिकारों को नई मजबूती देने वाला ऐतिहासिक कदम है। जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते समय इस जनहितकारी घोषणा का उल्लेख किया था, तभी पूरे प्रदेश



को यह विश्वास हो गया था कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। आज इस निर्णय का लागू होना प्रदेश सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति, संवेदनशील सोच और जनकल्याणकारी नीतियों का प्रमाण है। कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास और विश्वास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार लगातार ऐसे निर्णय ले रही है जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। चाहे किसान कल्याण की बात हो, युवाओं को अवसर देने की बात हो, गरीब परिवारों को राहत देने की बात हो या माताओं-बहनों के सम्मान की बात भाजपा सरकार हर वर्ग के विश्वास पर खरी उतर रही है। भाजयुमो नेता वीरेन्द्र साहू ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। एक सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करना और फिर राजनीति में आकर प्रदेशहित में लगातार ऐतिहासिक निर्णय लेना उनकी कार्यशैली को अलग पहचान देता है। उन्होंने हमेशा विकास को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जनभावनाओं से जोड़कर काम किया है। आज प्रदेश की जनता महसूस कर रही है कि भाजपा सरकार केवल योजनाएँ नहीं बनाती, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से निर्णय लेती है। माताओं-बहनों के सम्मान में लिया गया यह कदम आने वाले समय में हजारों परिवारों के लिए आर्थिक संबल और सामाजिक आत्मविश्वास का कारण बनेगा। यह फैसला प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नारी शक्ति वंदन के संकल्प को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रदेश में मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। यही कारण है कि आज प्रदेश की जनता भाजपा सरकार पर विश्वास और गर्व महसूस कर रही है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह जनता की भावनाओं को समझते हुए निर्णय लेती है।

# राजिम के त्रिवेणी संगम में कूदकर नहा रहे बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही बच्चों की खुशियां देखते ही बन रही हैं। पूरे वर्ष पढ़ाई और परीक्षाओं में व्यस्त रहने वाले विद्यार्थी अब छुट्टियों का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। कहीं बच्चे अपने नाना-नानी के घर पहुंचे हुए हैं तो कहीं मामा-मामी के यहां जाकर मौज-मस्ती कर रहे हैं। कई परिवार बच्चों को लेकर आसपास के पिकनिक स्थलों और पर्यटन क्षेत्रों की ओर भी निकल पड़े हैं। छुट्टियों के इस मौसम में बच्चों की चहल-पहल से हर जगह रौनक नजर आ रही है। इसी बीच राजिम त्रिवेणी संगम में भी बच्चों की खूब भीड़ देखने को मिल रही है। भीषण गर्मी के बीच बच्चे संगम में कूद-कूदकर स्नान करते नजर आए। नदी के ठंडे पानी में नहाते हुए बच्चों के चेहरे पर अलग ही खुशी दिखाई दे रही थी। कुछ बच्चे तैराकी का आनंद ले रहे थे तो कुछ पानी में उछल-कूद कर छुट्टियों का मजा लेते नजर आए। बच्चों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि नदी में नहाने का आनंद स्विमिंग पूल से भी अलग और खास होता है। प्राकृतिक वातावरण, ठंडा पानी और दोस्तों के साथ मस्ती उन्हें बेहद पसंद आती है। इन दिनों क्षेत्र में तेज गर्मी पड़ रही है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। दोपहर के समय लोग गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में नदी और तालाब लोगों को बड़ी राहत दे रहे हैं। खासकर बच्चों के लिए यह गर्मी से राहत पाने का सबसे अच्छा माध्यम बन गया है। छुट्टियों के इस दौर में बच्चे मोबाइल और टीवी से दूर प्रकृति के बीच समय बिताकर आनंद महसूस कर रहे हैं। ग्रीष्म अवकाश बच्चों के लिए केवल आराम का समय नहीं बल्कि नई यादें बनाने और परिवार के साथ समय बिताने का भी अवसर बन गया है।

# राइस मिलों के प्रदूषण से ग्रामीण त्रस्त, जल्द करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



पितईबंद से बकली के बीच मुख्य मार्ग पर संचालित राइस मिलों से निकलने वाले भारी धूल, डस्ट एवं प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। लगातार बढ़ते प्रदूषण से त्रस्त क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर मिल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिलों से उड़ने वाली धूल ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मुख्य मार्ग पर आवागमन करने वाले दोपहिया व अन्य वाहनों के चालकों को चलने के दौरान डस्ट सीधे आंखों में पड़ती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश भारती ने बताया कि पूर्व में भी मिल प्रबंधन से मिलकर समस्या से अवगत कराया गया था तथा राजिम अनुविभागीय अधिकारी को लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। किंतु एक माह बीत जाने के बाद भी मिल संचालकों द्वारा कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। श्री भारती ने कहा कि पितईबंद, रावड़ एवं बकली ग्राम के जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर पुनः मिल प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन से तत्काल प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपाय करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी सड़कों पर उतरकर राइस मिलों के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मिल प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पितईबंद पंचायत की पूर्व सरपंच पूनम बंजारे, युवा नेता ओंकार यदु, पंच मालिकराम मार्कंडेय, सूरज साहू, मुकेश साहू, रवि भास्कर, गिरधर बंजारे, कमल बंजारे, टिकेश आदिल, लक्ष्मण भारती, पिंटू यादव सहित तीनों ग्रामों के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरगद के पेड़ की छांव में लगा सुशासन का शिविर, सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



यहां से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वनांचल ग्राम मौहाभाठा में सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी फिल्म से सम्मान पाने वाली संजीव बख्शी के प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी उपन्यास भूलन कांदा पर आधारित फिल्म मूलन-द-मेज की शूटिंग गांव मौहाभाठा के जिस बरगद पेड़ के नीचे हुई थी। उसी बरगद पेड़ के छाया तले प्रशासन ने आसपास के ग्रामीण अंचल के अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया। कलेक्टर भगवान सिंह उड़के ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 जून तक जिले भर में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा और अन्य सभी विभागों के अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण करें, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष सोहन ध्रुव ने कहा कि गांव-गांव में इस प्रकार की शिविर लगाकार ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना शासन की पारदर्शी और जवाबदेही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं और मांगें बेझिझक रखें तथा सक्रिय रूप से इन शिविरों में उपस्थित रहकर अपनी-अपनी मांग एवं समस्याओं के बारे में अवगत कराएं ताकि प्रशासन उसका समाधान कर सके। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष लेखराम साहू ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिविर का लाभ उठाने की अपील की। कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कहा कि पात्रता अनुसार हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करे। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा की गई। मत्स्य विभाग ने दो हितग्राहियों को मत्स्य जाल वितरित किए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो हितग्राहियों को कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने पूर्ण आवासों की चाबी और एक हितग्राही को ऋण पुस्तिका वितरित किया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच जनमन पत्रिका का वितरण भी किया गया। जिसमें विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई है। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे, जनपद सीईओ केएस नागेश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# घनिष्ठा ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुरसाबांधा/राजिम

राजिम क्षेत्र के छोटे से गांव रवेली की बेटी घनिष्ठा साहू ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने गांव का नाम रौशन की है, बल्कि समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मालूम हो कि 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय जेकेएस साउथ एशिया कराते चैंपियनशिप में उन्होने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के दौरान घनिष्ठा साहू ने बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और संघर्षशील खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता ने खेल जगत में नई प्रेरणा जगाई है। इससे पहले भी घनिष्ठा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। घनिष्ठा साहू की इस शानदार उपलब्धि के बाद उनका चयन आगामी टोक्यो अंतर्राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप के लिए किया गया है, जिसका आयोजन नार्वे की राजधानी ओसलो में होने जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। घनिष्ठा की सफलता के पीछे उनकी कठिन मेहनत, अनुशासन एवं कोच का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। प्रदेशभर में उनके



**अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता के लिए चयन**

प्रदर्शन की सराहना की जा रही है तथा लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर राजिम विधायक रोहित साहू ,भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ,विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने घनिष्ठा साहू का सम्मान करते हुए बधाई दी और कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों एवं युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि घनिष्ठा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

### जपं में नए सीईओ जितेश कुमार गजभिये ने किया पदभार ग्रहण

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के विकासखंड मैनपुर अंतर्गत जनपद पंचायत में नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेश कुमार गजभिये ने पदभार ग्रहण किया। साथ ही जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद पंचायत मैनपुर में पदस्थ सीईओ डी एस नागवंशी के 30 अप्रैल को सेवा निवृत्त होने के बाद से सीईओ का पद खाली हो गया था, जिसके चलते यहां ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसके बाद जिला पंचायत कार्यालय गरियाबंद द्वारा 6 मई को आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जितेश कुमार गजभिये प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर का संपूर्ण प्रभार वित्तीय एवं प्रशासनिक आगामी आदेश पर्यन्त तक सौपा गया है। नये सीईओ जितेश कुमार गजभिये ने जनपद पंचायत मैनपुर में पदभार ग्रहण कर लिया है। साथ ही नवपदस्थ सीईओ जितेश कुमार गजभिये ने कहा शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओ का लाभ धरातल मे ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मिले इसके लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। उन्होंने चर्चा मे बताया जनपद पंचायत के माध्यम से चल रहे सभी निर्माण कार्यो को समय सीमा के भीतर पुरी गुणवता के साथ पूरा करना और जनपद पंचायत के अंतिम छोर तक के गांव मे पहुंचकर शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होने आगे बताया प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य मे तेजी लाना है।



# बच्चों की शिक्षा के लिए रामभरोसा ने दो एकड़ भूमि दी थी दान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



रसेला। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में ग्राम मौंहाभाठा के लगभग 70 वर्षीय नागरिक रामभरोसा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कलेक्टर ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जिस स्कूल में आज बच्चे पढ़ रहे हैं। वह उनके त्याग, परिश्रम और दूरदृष्टि की मिशाल है। रामभरोसा युवावस्था में उन्होंने पत्ता तोड़ाई का कार्य किया। जहां कठिन परिस्थितियों में मेहनत कर जीवन यापन करते थे। उनकी कार्यशैली और ईमानदारी को देखते हुए उन्हें संग्रहण कार्य की देखरेख के लिए मुंशी बनाया गया। जहां उन्हें मात्र 165 रुपये तक का वेतन मिलता था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और धीरे-धीरे अपनी मेहनत से जीवन को संवारते गए। पेशे से किसान रामभरोसा आज भी अपनी पुश्तैनी 7 एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं। उनके दो पुत्र हैं, जो कृषि कार्य में उनका सहयोग करते हैं। इसके बावजूद उन्होंने निजी हित से ऊपर उठकर समाज के भविष्य को प्राथमिकता दी। जीवनभर पाई-पाई जोड़कर उन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए अपनी 1 एकड़ भूमि स्कूल निर्माण के लिए तथा लगभग 1 एकड़ भूमि छात्रावास (आश्रम) निर्माण के लिए दान कर दी। आज उसी दान भूमि पर सर्वसुविधायुक्त शासकीय हाई स्कूल एवं आश्रम का निर्माण हो चुका है, जहां हवादार कक्ष, खेल मैदान सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे को यह समझना चाहिए कि उनकी शिक्षा के पीछे एक किसान का त्याग और समर्पण छिपा है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और उनके योगदान को सार्थक बनाएं। रामभरोसा का यह योगदान न केवल ग्राम मौंहाभाठा बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायी बन गया है।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत



सुरसाबांधा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अनिमेष कश्यप का स्वागत बैंक के अधिकारी कर्मचारियो सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चित्रकार कुणाल और छात्र युवराज सेन हुए सम्मानित



**कोपरा।** ब्लॉक सेन समाज अभनपुर द्वारा एक दिवसीय सेन जयंती समारोह का आयोजन रखा गया था, जिसमे फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम लोहरसी निवासी युवक कुणाल सेन को पेंटिंग एवं चित्रकारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभा और रचनात्मक कार्यों के लिए सेन समाज के समारोह में सम्मानित किया गया। और उनके अनुज युवराज सेन को कक्षा आठवीं में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त की जिसको भी सम्मान किया गया, कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने युवक की कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की ऐसी उपलब्धियां समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं।सम्मान प्राप्त करने के बाद युवक कुणाल सेन पिता सुरेश सेन ने कहा कि कला के माध्यम से समाज और संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और सम्मानित युवक को शुभकामनाएं दीं।

### रविंद्रनाथ टैगोर की मनाई जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान साहित्यकार और प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर नमन किया गया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि ने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक प्रतिष्ठित लेखक, कवि, गीतकार, नाटककार, निबंधकार, चित्रकार और समाज सुधारक थे और भारतीय साहित्य और संस्कृति को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया।

### सुशासन तिहार बना दिखावा : भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने राज्य सरकार के जारी "सुशासन तिहार" को पूरी तरह से दिखावा करार दिया है। उन्होनें कहा कि पिछले साल भी सरकार ने सुशासन तिहार मनाया था और इसी महीने सरकार ने 1 से 15 अप्रैल तक प्रदेश के हर जिले में समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाए। लेकिन, इन शिविरों में आम जनता द्वारा दिए गए हजारों आवेदन आज तक लंबित हैं। सरकार जवाब दे कि पिछले साल सुशासन तिहार में प्रदेश से कुल कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण हुआ? साय सरकार निठल्ली सरकार है जनता की तकलीफों से इन्हें कोई सरोकार नहीं।

### खड़े वाहन से बोलेरो की टक्कर, एक की मौत

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में काठी ढाबा के पास पिथौरा में सड़क किनारे खड़े एक मेटाडोर के पीछे से बोलेरो वाहन टकरा गई। घटना में बोलेरो में सवार एक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र यादव पिता स्व. दर्शन यादव (17 वर्ष) निवासी बरेकेलकला थाना पटेवा की मर्ग जांच की गई। जांच में पाया गया कि मृतक जितेंद्र यादव 5 मई को बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजेड 7872 से ओडिशा से माल खाली कर रायपुर जा रहा था, जब वह शाम 06 बजे नेशनल हाईवे 53 काठी ढाबा के पास पिथौरा पहुंचा था, तभी उसकी वाहन सड़क किनारे बिना संकेत दिए खड़े आईचर वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9794 से पीछे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एक्सीडेंट में जितेंद्र के चेहरे, बांये पैर, सीना, बांये कंधे, बांये हाथ में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### जांच शिविर आज

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में आज 08 मई को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर सुबह 11 से 1 बजे तक सेवाएं देंगे। जिसमें हृदय रोगी लैब टेस्ट अदि का भी लाभ ले पाएंगे। जांच शिविर में बीपी की समस्या, चलते समय हांफना, सीने मे दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी एवं उच्च रक्तचाप होना आदि के संबंध में परामर्श दिया जाएगा।

## सियासत : कांग्रेस ने साधा निशाना, कहा सुशासन तिहार के नाम हो रहा ढकोसला

# सुशासन तिहार के शिविर से भीड़ गायब भड़के संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार अब सवालों के घेरे में आ गई है। जिले में आयोजित शिविरों में आम जनता की अपेक्षित भागीदारी नहीं दिखने और कई जगह पंडालों में खाली कुर्सियां नजर आने के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। खास बात यह रही कि इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने भी मंच से प्रशासनिक कार्यशैली पर खुलकर नाराजगी जाहिर की, वहीं कांग्रेस ने इसे ढकोसला बताते हुए सरकार और प्रशासन पर हमला बोला है।

- पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी बोले अधिकारी फोन तक नहीं उठाते

अमलीपदर में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम उस समय चर्चा का विषय बन गया जब मंच पर कलेक्टर एसपी और जिला पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी का गुस्सा फूट पड़ा। मंच से जनता को संबोधित करते हुए मांझी ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी अब पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं। जनप्रतिनिधियों के फोन तक नहीं उठाए जा रहे हैं। मांझी ने मंच से ही कलेक्टर की ओर इशारा करते हुए कहा कलेक्टर साहब कम से कम फोन तो उठा लिया कीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी न तो जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभा रहे हैं और न ही शासन की योजनाओं का सही तरीके से प्रचार-प्रसार किया गया है। मांझी ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है लेकिन कई विभाग इसे सिर्फ औपचारिकता की तरह चला रहे हैं। उन्होंने खाली पड़ी कुर्सियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि गांव-गांव मुनादी कराई जाती और व्यापक प्रचार-प्रसार होता तो शिविरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते। कई ग्रामीणों को तो यह तक जानकारी नहीं है कि शिविर कब और कहां आयोजित हो रहे हैं। पूर्व संसदीय सचिव ने प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो शासन की मंशा पर विपरीत असर पड़ेगा और जनता का भरोसा कमजोर होगा। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार आवेदन देने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। खासकर आवास योजना, राशन कार्ड और राजस्व मामलों में लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में अब सुशासन तिहार को लेकर लोगों के बीच उत्साह की जगह निराशा दिखाई देने लगी है।






### सुशासन तिहार अब केवल औपचारिक कार्यक्रम : कांग्रेस



इधर कांग्रेस ने भी सुशासन तिहार को लेकर सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सुशासन तिहार अब केवल औपचारिक कार्यक्रम बनकर रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राशन कार्ड, जमीन का पट्टा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन और राजस्व मामलों से जुड़े आवेदन महीनों से लंबित पड़े हैं, जिससे लोग परेशान हैं। बेसरा ने कहा कि सरकार मंचों से सुशासन और विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है। गरीब और जरूरतमंद लोग आज भी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदन लेने और फोटो खिंचवाने तक ही पूरी व्यवस्था सीमित होकर रह गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मांग की कि पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में प्राप्त मांगपत्रों और शिकायतों की स्थिति सार्वजनिक की जाए। कितने आवेदन निराकृत हुए और कितने लंबित हैं, इसकी जानकारी जनता को दी जानी चाहिए।

# लोहरसी पंचायत में मना सुशासन तिहार



मोर गांव-मोर पानी-मोर तरिया ,नवा तरिया-आय के जरिया अभियान को सफल बनाने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

शासन के निर्देशानुसार 7 मई गुरूवार को ग्राम पंचायत लोहरसी में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सचिव ओमप्रकाश सिन्हा ने लंबित समस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष चर्चा किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ,ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने, हितग्राहियों को स्वीकृत राशि की जानकारी उपलब्ध कराने, लंबित जियो टैगिंग कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं शिकायतों के तत्काल निराकरण पर जोर दिया गया। साथ ही मनरेगा अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को मई माह के भीतर पूर्ण कराने तथा मांग के आधार पर नए कार्य प्रारंभ करने की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए मोर गांव-मोर पानी-मोर तरिया अभियान तथा नवा तरिया-आय के जरिया अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच लोमश राम साहू, उपसरपंच नीलेश टंडन, पंच भगवान दास जांगड़े, तुलेश्वर सतनामी, खेमीन पटेल, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, रोजगार सहायक देवेंद्र साहू, मेट खिलेश्वर साहू, यशवंत साहू, चम्पेश्वर सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शिक्षा से रौशन हुआ समाज, मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शिक्षा, सम्मान और प्रेरणा का अनुपम दृश्य उस समय देखने को मिला, जब राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन गुरुजी के नेतृत्व में समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को उनकी ऐतिहासिक शैक्षणिक उपलब्धियों पर भव्य सम्मान प्रदान किया गया। यह आयोजन केवल प्रतिभाओं का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए शिक्षा जागरण का प्रेरणास्पद अभियान बन गया। कलार समाज बैठक में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में परिक्षेत्र स्तर पर सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सिन्हा कलार समाज के सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं की छात्रा कु. भूकन्या सिन्हा ग्राम छुईहा निवासी ने गरियाबंद जिले के टॉप टेन 1001 रूपए कक्षा बारहवीं में ग्राम जामगांव निवासी पेमिन सिन्ह 89 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली को 2100 सौ रूपए की

प्रोत्साहन राशि, श्रीफल भेंटकर तिलक एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके कठिन परिश्रम, परिवार के संस्कार और समाज के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास का प्रतीक बना। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कलार समाज परिक्षेत्र मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन गुरुजी,हूकुम सिन्हा, सरपंच नेतराम सिन्हा,चेतन सिन्हा, दुर्गा राम सिन्हा, ललीत सिन्हा,शिवराम सिन्हा, लीलाराम सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा,अशोक सिन्हा,परदेशी राम सिन्हा,टिकम सिन्हा,सहित प्रांतीय, जिला, परिक्षेत्र पदाधिकारी, ग्राम प्रमुखगण, महिला मंच की पदाधिकारीगण एवं समस्त स्वजातीय समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल को समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बताया। सम्मानित छात्र-छात्राओं ने भावुक होकर खोमन गुरुजी एवं समस्त समाज के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सुशासन तिहार जनता के साथ धोखा, कांग्रेस ने लगाया आरोप



कोपरा। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि सुशासन तिहार आमजनता के साथ धोखा 2.0 है। पिछली बार सुशासन तिहार में 40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसे सिर्फ निरस्त किया गया है समस्या एवं मांग आज भी बरकरार है। ऐसे में अभी भी सुशासन तिहार में वही समस्या एवं मांग पत्र जनता देगी, जिसका निराकरण नहीं होगा। तो सुशासन तिहार का क्या मतलब जब समस्या जस की तस हो। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा पिछले वर्ष हुई सुशासन तिहार में 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास की मांग की थी, 2 लाख से अधिक आवेदन उज्ज्वला गैस योजना के लिए लगभग पौने दो लाख से अधिक आवेदन नया राशन कार्ड के लिए, 70000 से अधिक आवेदन सड़क पुल पुलिया निर्माण की मांग की एवं 25 लाख से अधिक आवेदन अन्य मांगों से जुड़ी हुई थी। कितना आवेदनकर्ताओं की मांग पूरी हुई है सरकार को सूची सार्वजनिक करना चाहिये। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि सुशासन तिहार में जनता को बताना चाहिये कि भाजपा के गारंटी के अनुसार अब तक 500 रु में रसोई गैस सिलेंडर क्यो नही दिया गया? 1 लाख सरकारी नोकरी और 57 लाख शिक्षकों की भर्ती की गारंटी थी अभी तक 5 हजार भर्ती भी नही हुई?

### पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत का क्षेत्र में जश्न

**छुरा।** विधानसभा चुनावों में भाजपा और एनडीए गठबंधन को मिली शानदार जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्याम अग्रवाल ने इसे देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासवादी नीतियों, सुशासन और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर भरोसे की जीत बताया है। उन्होंने जनता, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत आम लोगों की उम्मीदों और विश्वास की जीत है। श्याम अग्रवाल ने कहा कि जनता ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति को चुना है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में लगातार काम कर रही है और आने वाले समय में विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस जीत का असली श्रेय देते हुए कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ने ऐतिहासिक परिणाम दिलाए हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और जनता ने एक बार फिर सबका साथ, सबका विकास के विजन पर अपनी मुहर लगाई है। कहा कि यह जीत विपक्ष के झूठे प्रचार और भ्रम की राजनीति पर जनता का करारा जवाब है।

वहीं पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में लगातार राजनीतिक ड्रामा और नौटंकी के जरिए जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश की जा रही है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में लाटरी के माध्यम से हुई भर्ती चयन प्रक्रिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश के लिए रिक्त 50 सीटों पर लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। इस वर्ष कुल 128 आवेदन प्राप्त हुए थे,जिनमें से बीपीएल, बालिका एवं अन्य वर्गों के आवेदन मिले हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ प्रवेश के लिए चयन किया गया। विद्यालय परिसर में चयनित विद्यार्थियों की सूची चस्पा कर दी गई है, जिसे पालकगण देख सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 15 मई की तिथि निर्धारित की गई है। पालकों को निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। यदि किसी अभ्यर्थी के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होते हैं,तो ऐसी स्थिति में वेटिंग सूची से अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। उक्त जानकारी शाला के प्राचार्य सोहन लाल सेन ने दी। इस लॉटरी प्रक्रिया के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनीष हरित,राजू साहू,शुभम जैन, कमलेश कश्यप,अशोक साहू, के.डी. सोनवानी,लक्ष्मी श्रीवास्तव,ज्योति राजपूत,सुमन श्रीवास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# निस्तारी तालाब भरने के बाद व्यर्थ बहते पानी को रोके : धनेंद्र



**अभनपुर/आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के मध्याम से कहा इस वर्ष मौसम विभाग के द्वारा जो अनुमान लगाया गया है और इस बात का संदेश व्यक्त किया गया है कि इस साल देश में मानसून का दबाव सामान्य से कम होने की संभावना है जिससे बरसात कम हो सकती है। इसे देखते हुए शासन को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जलाशयों से गांवों के निस्तारी तालाबों को भरने के लिए नहर से छोड़े गए पानी को तालाब भरने के बाद व्यर्थ बहने से रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में प्रदेश के प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण की स्थिति संतोषजनक है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मिनीमाता बांगो, कोरबा में 59.09 प्रतिशत, रविशंकर सागर, धमतरी में 64.39 प्रतिशत, तांदुला जलाशय, बालोद में 49.75 प्रतिशत, दुधावा जलाशय, कांकेर में 81.58 प्रतिशत, सिकासार बांध, गरियाबंद में 51.27 प्रतिशत, खारंग जलाशय, बिलासपुर में 80.72 प्रतिशत, सौंदूर जलाशय, धमतरी में 66.77 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली, धमतरी में 84.75 प्रतिशत, कोडार जलाशय, महासमुंद में 24.66 प्रतिशत, मनियारी जलाशय, मुंगेली में 84.81 प्रतिशत, केलो जलाशय, रायगढ़ में 40.45 प्रतिशत तथा अरपा भैंसाझार, बिलासपुर में 50.71 प्रतिशत जल उपलब्ध है। श्री साहू ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष मानसून कमजोर रहने की आशंका जताई गई है। यदि समय रहते जल संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले समय में किसानों की खरीब फसलों, ग्रामीण क्षेत्रों की निस्तारी व्यवस्था तथा पेयजल उपलब्धता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के कई छोटे जलाशयों जैसे कुम्हारी, पंखुड़ी एवं मदन जलाशयों में जल स्तर केवल 3 से 10 प्रतिशत के बीच रह गया है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। वहीं गंगरेल जैसे बड़े जलाशय में भी जल स्तर निस्तारी तालाबों को भरे जाने के बाद, व्यर्थ में पानी बहने से कम होती जा रही है। ऐसी स्थिति में जल का अनावश्यक बहाव भविष्य में गंभीर समस्या पैदा कर सकता है।

## जिले में बढ़ी चेन मशीन की मांग, किसानों को मंडी भाव की चिंता

# अंचल में चेन मशीन से हो रही रबी धान की कटाई







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में रबी सीजन की धान फसल अब पककर तैयार हो गई है और खेतों में कटाई का काम शुरू हो चुका है। हालांकि इस बार खेतों की जमीन पूरी तरह नहीं सूख पाने के कारण किसानों को धान कटाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गीली जमीन होने से बड़े हार्वेस्टर मशीन खेतों में नहीं चल पा रहे हैं, जिसके चलते किसान चैन मशीन और हाथ से धान कटाई का सहारा ले रहे हैं। किसानों का कहना है कि चैन मशीन गीली जमीन में भी आसानी से काम कर रही है, जिससे कटाई कार्य तेजी से हो रहा है। यही वजह है कि इन दिनों चैन मशीन की मांग लगातार बढ़ गई है। हालांकि चैन मशीन से कटाई करना हार्वेस्टर की तुलना में महंगा पड़ रहा है। वर्तमान में किसान 3 हजार से 3 हजार 500 रुपए प्रति घंटे की दर से धान कटाई करवा रहे हैं। कई किसान अभी भी पारंपरिक तरीके से हाथों से धान काट रहे हैं, क्योंकि खेतों में पानी और नमी अधिक होने से भारी मशीनें फंसने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक खेतों में कटाई का काम जारी है। किसान चोवाराम साहू, ऊषा साहू और मंगतू सतनामी ने बताया कि इस बार रबी धान की फसल का उत्पादन ठीक-ठाक होने की उम्मीद है। मौसम भी फसल के अनुकूल रहा, जिससे पैदावार बेहतर आई है। लेकिन किसानों की चिंता मंडियों में मिल रहे कम दाम को लेकर बढ़ गई है। किसानों के अनुसार वर्तमान में धान 1700 से 1800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है, जो लागत के मुकाबले काफी कम है। किसानों ने शासन से रबी धान के लिए उचित समर्थन मूल्य और खरीदी व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है ताकि उन्हें फसल का बेहतर दाम मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411